केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

सीबीएसई/सीई/पीपीएस/तिथि-पत्रक/2022 **11/03/2022**

<u>परिपत्र</u>

सीबीएसई ने दिनांक 05 जुलाई, 2021 के परिपत्र संख्या शैक्ष-51/2021 द्वारा बोर्ड परीक्षा-2022 के आयोजन की योजना जारी की है, जिसमें यह सूचित किया गया था कि बोर्ड परीक्षा-2022 दो टर्म में आयोजित की जाएगी यानी टर्म- I और टर्म- II परीक्षाएं। टर्म-I परीक्षाओं का आयोजन पहले ही हो चुका है। टर्म- II परीक्षाएं 26.04.2022 से आयोजित होनी निर्धारित हैं।

सीबीएसई अब टर्म- II बोर्ड परीक्षाओं, 2022 के लिए कक्षा X और XII दोनों का तिथि-पत्रक जारी कर रहा है। तिथि-पत्रक तैयार करते समय, बोर्ड ने निम्नलिखित मुद्दों का ध्यान रखा है:

1. चूंकि महामारी के कारण स्कूल बंद थे जिसके कारण अधिगम में हानि हुई है, इसलिए दोनों कक्षाओं में लगभग सभी विषयों में दो परीक्षाओं के बीच और अंतराल दिया गया है।

2. जहां भी अंतराल थोड़ा कम है, ऐसी परीक्षाओं को बाद की तिथि में रखा गया है ताकि विद्यार्थियों को इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

3. तिथि-पत्रक जेईई मेन सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का ध्यान रखते हुए तैयार किया गया है।

4. ये तिथि-पत्रक लगभग 35000 विषय कॉम्बिनेशन को टालते हुए तैयार किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एक विद्यार्थी की किन्हीं दो विषयों की परीक्षाएं एक ही तिथि पर न हों।

5. इस तथ्य के बावजूद कि तापमान थोड़ा अधिक होगा, परीक्षा शुरू होने का समय सुबह 10.30 बजे होगा क्योंकि परीक्षा पहले शुरू करना संभव नहीं होगा चूंकि परीक्षाएं भारत की तुलना में 26 अन्य देशों में भी आयोजित की जाएंगी। इसी तरह, इसी कारण से परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित नहीं कराई जा सकतीं हैं।

सीबीएसई दसवीं और बारहवीं कक्षा की टर्म-II परीक्षा, 2022 में उपस्थित होने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देता है।

हस्ता/-
(डॉ संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रति: वेब एडमिन को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।